दिनाँक 5 अक्तूबर 2015 दिन सोमवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में वाई. आर.सी. (युवा रेड क्रॉस सोसायटी) के तत्वावधान में एड्स की जागरूकता हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं निबन्ध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेंकिग आदि के माध्यम से एड्स के प्रति विद्यार्थियों की चेतना को जागरूक किया. इन प्रतियोगिताओं में तीनों संभागों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया. निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ० सारिका व श्रीमती रेनू थी. इस अवसर पर डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० विनोद राठी व डॉ० ऊषा चौधरी भी वहाँ उपस्थित थे. प्रतियोगिता विजेताओं में निबन्ध लेखन के लिए प्रथम स्थान हिनाक्षी, द्वितीय स्थान पूजा शर्मा व तृतीय स्थान काजल एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वरूण सिंघला, द्वितीय स्थान दिव्या शर्मा व तृतीय स्थान कोमल रावत और काजल तथा पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शुभम चौहान, द्वितीय स्थान निकिता व तृतीय स्थान पर मोहनी को पुरुस्कृत किया गया.

इस अवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक किया. उन्होंने कहा कि एड्स की रोकथाम का एक ही सफल तरीका है कि हम सुरक्षित जीवन अपनाकर ही इस लाइलाज बीमारी पर काबू पा सकते है.सभी प्रतिभागियों के कुशल नेतृत्व में एक रैली का भी आयोजन किया गया. तथा युवा रेड क्रॉस सोसायटी के समस्त विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ कर भाग लिया.

`